**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT**
**LABOUR BUREAU**

**Shram Bureau Bhawan, Block No. 2,**
**Institutional Area, Sector 38 (West),**
**Chandigarh – 160036**
**Dated: 29th December, 2023**

**F.No. 5/1/2021-CPI**

**Press Release**

**Consumer Price Index for Industrial Workers (2016=100) – November, 2023**

The Labour Bureau, an attached office of the M/o Labour & Employment, has been compiling Consumer Price Index for Industrial Workers every month on the basis of retail prices collected from 317 markets spread over 88 industrially important centres in the country. The index is compiled for 88 centres and All-India and is released on the last working day of succeeding month. The index for the month of November, 2023 is being released in this press release.

The All-India CPI-IW for November, 2023 increased by 0.7 points and stood at 139.1 (one hundred thirty nine point one). On 1-month percentage change, it increased by 0.51 per cent with respect to previous month whereas it remained stationary between corresponding months a year ago.


The maximum upward pressure in current index came from Food & Beverages group contributing 0.65 percentage points to the total change. At item level, Rice, Wheat, Wheat Atta, Jowar, Arhar Dal/Tur Dal, Urd Dal, Eggs-Hen, Gingelly oil, Coconut fresh with Pulp, Carrot, Drum-stick, French beans, Garlic, Lady's Finger, Onion, Tomato, Sugar-White, Cumin seed/Jira, Cooked Meals, Zarda/kimam/Surti/Gutka, Leaf Tobacco, Tailoring Charges, Trouser Pants readymade, Leather Sandal/Chappal/Slippers, Electricity Charges (Domestic), Books-School/ITI, Tuition and other fees-College, etc. are responsible for the rise in index. However, this increase was largely checked by Fish Fresh, Poultry/Chicken, Soyabean oil, Sunflower Oil, Apple, Banana, Grapes, Orange, Capsicum, Cauliflower, Chillies Green, Ginger, Lemon, Peas, Medicine Allopathic, etc. putting downward pressure on the index.

At centre level, Tirunelveli recorded a maximum increase of 4.1 points. Among others, 3 centres recorded increase between 3 to 3.9 points, 5 centres between 2 to 2.9 points, 19 centres between 1 to 1.9 points and 36 centres between 0.1 to 0.9 points. On the contrary, Gurugram recorded a maximum decrease of 1.5 points followed by Ahmedabad and Kollam with 1.0 point each. Among others, 18 centres recorded decrease between 0.1 to 0.9 points. Rest of three centres' index remained stationary.

Year-on-year inflation for the month stood at 4.98 per cent compared to 4.45 per cent for the previous month and 5.41 per cent during the corresponding month a year before. Similarly, Food inflation stood at 7.95 per cent against 6.27 per cent of the previous month and 4.30 per cent during the corresponding month a year ago.

•-• https://www.staffnews.in •-•


## Y-o-Y Inflation based on CPI-IW (Food and General)




### All-India Group-wise CPI-IW for October, 2023 and November, 2023

| Sr. No. | Groups | October, 2023 | November, 2023 |
|---|---|---|---|
| I | Food & Beverages | 142.3 | 143.9 |
| II | Pan, Supari, Tobacco & Intoxicants | 157.0 | 157.7 |
| III | Clothing & Footwear | 140.1 | 140.8 |
| IV | Housing | 125.7 | 125.7 |
| V | Fuel & Light | 161.7 | 161.9 |
| VI | Miscellaneous | 135.1 | 135.2 |
| | General Index | **138.4** | **139.1** |

### CPI-IW: Groups Indices




The next issue of CPI-IW for the month of December, 2023 will be released on Wednesday, 31st January, 2024. The same will also be available on the office website *www.labourbureau.gov.in*.

(Shyam Singh Negi)
**Deputy Director General**

•-• https://www.staffnews.in •-•

भारत सरकार
**श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय**
**श्रम ब्यूरो**

**श्रम ब्युरो भवन**, **ब्लॉक न**.-2,
**संस्थागत क्षेत्र**, **सेक्टर** 38 (**पश्चिम**),
**चंडीगढ़** - 160036
**दिनांक**: 29 **दिसंबर**, **2023**

**संख्या- 5/1/2021- सी.पी.आई.**

## प्रेस विज्ञप्ति

## औद्योगिक श्रमिकों का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (2016=100) - नवंबर, 2023

श्रम ब्यूरो, श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय से संबंधित कार्यालय द्वारा हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का संकलन सम्पूर्ण देश में फैले हुए 88 महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्रों के 317 बाजारों से एकत्रित खुदरा मूल्यों के आधार पर किया जाता है। सूचकांक का संकलन 88 औद्योगिक केंद्रों एवं अखिल भारत के लिए किया जाता है और आगामी महीने के अंतिम कार्यदिवस पर जारी किया जाता है। नवंबर, 2023 के लिए सूचकांक इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जारी किया जा रहा है।

नवंबर, 2023 का अखिल भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (औद्योगिक श्रमिक) 0.7 अंक बढ़कर 139.1 (एक सौ **उनतालीस** दशमलव एक) अंकों के स्तर पर संकलित हुआ। सूचकांक में पिछले माह की तुलना में 0.51 प्रतिशत की वृद्धि रही जबकि एक वर्ष पूर्व इन्हीं दो महीनों के बीच सूचकांक स्थिर रहा।

सूचकांक में दर्ज वृद्धि में अधिकतम योगदान खाद्य एवं पेय पदार्थ समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को 0.65 बिन्दु प्रतिशतता से प्रभावित किया। मदों में, चावल, गेंहू, गेंहू का आटा, ज्वार, अरहर दाल/तूर दाल, उड़द दाल, मुर्गी के अंडे, तिल का तेल, ताजा नारियल पल्प के साथ, गाजर, ड्रम स्टिक, फ्रेंच बीन, लहसुन, भिंडी, प्याज, टमाटर, चीनी, जीरा, तैयार भोजन, ज़र्दा/किमाम/सुर्ती/गुटका, तंबाकू पत्ता, सिलाई प्रभार, रेडीमेड ट्राउसर पेंट्स, चमड़े के सेंडल/चप्पल/स्लिपर्स, घरेलू बिजली प्रभार, किताबें-स्कूल/आईटीआई, ट्यूशन एवं अन्य फीस-कॉलेज, इत्यादि सूचकांक को बढ़ाने में सहायक रहे। इसके विपरित मुख्यतः ताजा मछली, पोल्ट्री/चिकन, सोयाबीन तेल, सूरजमुखी का तेल, सेब, केला, अंगूर, संतरा, शिमला मिर्च, फूलगोभी, हरी मिर्च, अदरक, नींबू, मटर, एलोपेथिक दवाईयां, इत्यादि ने सूचकांक में दर्ज वृद्धि को नियंत्रित किया।


केंद्र-स्तर पर तिरुनेवेली के सूचकांक में अधिकतम 4.1 अंक की वृद्धि दर्ज की गई। अन्य 3 केंद्रों में 3 से 3.9 अंक, 5 केंद्रों में 2 से 2.9 अंक, 19 केंद्रों में 1 से 1.9 अंक तथा 36 केंद्रों में 0.1 से 0.9 अंक के बीच वृद्धि रही। इसके विपरीत, गुरुग्राम में अधिकतम 1.5 अंक तत्पश्चात अहमदाबाद एवं कोलम प्रत्येक में 1.0 अंक की कमी दर्ज की गई। अन्य 18 केंद्रों में 0.1 से 0.9 अंक के बीच कमी रही| शेष तीन केंद्रों का सूचकांक स्थिर रहा।

नवंबर, 2023 के लिए मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 4.45 प्रतिशत तथा गत वर्ष के इसी माह के 5.41 प्रतिशत की तुलना में 4.98 प्रतिशत रहा। खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 6.27 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के 4.30 प्रतिशत की तुलना में 7.95 प्रतिशत रहा।



•-• https://www.staffnews.in •-•


### सी.पी.आई.- आई.डब्ल्यू. पर आधारित मुद्रास्फीति दर (खाद्य एवं सामान्य)




### अखिल-भारत समूह-वार सूचकांक : अक्टूबर, 2023 एवं नवंबर, 2023

| क्र. सं. | समूह | अक्टूबर, 2023 | नवंबर, 2023 |
|---|---|---|---|
| I | खाद्य एवं पेय | 142.3 | 143.9 |
| II | पान, सुपारी, तंबाकू एवं नशीले पदार्थ | 157.0 | 157.7 |
| III | कपड़े एवं जूते | 140.1 | 140.8 |
| IV | आवास | 125.7 | 125.7 |
| V | ईंधन एवं प्रकाश | 161.7 | 161.9 |
| VI | विविध | 135.1 | 135.2 |
| | **सामान्य सूचकांक** | **138.4** | **139.1** |

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू : समूह सूचकांक




सूचकांक की आगामी कड़ी दिसंबर, 2023 माह के लिए दिन बुधवार 31 जनवरी, 2024 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाईट ***www.labourbureau.gov.in*** पर भी उपलब्ध रहेगा।

29/12/2023

**(श्याम सिंह नेगी)**
उप महानिदेशक



•-• https://www.staffnews.in •-•